[11/7/2019]

प्रश्न सं. [क्र. 37]

परिशिष्ट-1 (1)
पेज 1 से 2 तक

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
National Highways Authority of India
(Ministry of Road Transport and Highways, Govt. of India)
परियोजना कार्यान्वयन इकाई / Project Implementation Unit
15, सम्पत हिल्स, सहारा सिटी के सामने, इन्दौर बायपास, बिचौली मर्दाना, इन्दौर (म.प्र.) 452016
15, Sampat Hills, Opp. Sahara City, Indore Bypass, Bicholi Mardana, Indore (M.P.) 452 016
दूरभाष/Phone : 0731-4975994 e-mail : indore@nhai.org, indorenhai@gmail.com

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

भारतमाला — BHARATMALA — ROAD TO PROSPERITY

भा.रा.रा.प्रा./परि.का.इ./इन्दौर/पी.क्यू./2019/2000 दिनांक 26.06.2019

प्रति,

मुख्य अभियन्ता (रा.रा.परि.),
कार्यालय मुख्य अभियन्ता,
लोक निमाण विभाग "निर्माण भवन",
प्लाट नं. 27–28, अरेरा हिल्स,
भोपाल (म.प्र.)

विषय : आगरा–मुम्बई फोरलेन हाइवे पर गणपति घाट में सुधार के संबंध में। विधान सभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 37 (सदन में उत्तर देने का दिनांक 11.07.2019) द्वारा श्रीमती नीना विक्रम वर्मा।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि परियोजना कार्यान्वयन इकाई, इन्दौर से संबंधित जानकारी निम्नानुसार है :–

स.क्र.	प्रश्न	उत्तर
(क)	मुम्बई-आगरा फोरलेन हाईवे पर गणपति घाट पर होने वाली अत्यधिक दुर्घटनाओं को रोकने हेतु राज्य सरकार द्वारा अपने स्तर पर क्या उपाय किये गये तथा यह उपाय कितने सार्थक सिद्ध हुए?	बाकानेर घाट (गणेश घाट) पर तात्तकालिक रूप से दुर्घटनाओं को रोकने हेतु भा.रा.रा.प्रा. द्वारा निम्नलिखित उपाय किये गये है :– • LHS मार्ग के दोनों भागों में ट्राफिक को अलग–अलग करने हेतु थर्मोप्लास्टिक पेंट से सोलिड लाईन लगाई गई है। • 200 मी अंतराल में साइन बोर्ड लगाये गये हैं, जिस पर बड़े वाहन बस, ट्रक, ट्राला तथा कार व दोपहिया वाहनों को अलग–अलग लाईन में चलने हेतु निर्देशित किया गया है। • वाहनों की गति धीमी करने हेतु 250 मी अंतराल से रम्बल स्ट्रिप बनाई गई एवं गति सीमा, दुर्घटना ग्रस्त क्षेत्र के साइन बोर्ड लगाये गये हैं। • दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति/व्यक्तियों को अविलम्ब उपचार हेतु घाट पर एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। • दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटाने हेतु एक क्रेन की व्यवस्था की गई है। • स्थानीय प्रशासन की मदद से उक्त घाट क्षेत्र में पुलिस चौकी की स्थापना भी गई

		है, जिससे कि वाहन चालकों की गति घाट क्षेत्र में नियंत्रण की जा सके एवं दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।
ख	क्या राज्य सरकार घाट में वैकल्पिक मार्ग या सुधार हेतु कोई प्रस्ताव अपने स्तर पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहयोग से करने जा रहा है?	राज्य सरकार द्वारा घाट में वैकल्पिक मार्ग या सुधार हेतु कोई प्रस्ताव तैयार नहीं किया जा रहा है। लेकिन भा.रा.रा.प्रा. द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–3 के इन्दौर–खलघाट खण्ड पर 6–लेन चौड़ीकरण हेतु डी.पी.आर. का कार्य M/s Pentacle Consultants (I) Pvt. Ltd. in association with P.K. Engineers को दिया गया है, इनके द्वारा घाट क्षेत्र पर सर्वे किया जाकर 3 किमी लम्बाई में 6–लेन चौडीकरण एवं loop type निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है।
ग	यदि हॉ तो प्रस्ताव किस स्तर पर लंबित है?	हॉ, उक्त प्रस्ताव भा.रा.रा.प्रा. मुख्यालय, नई दिल्ली में विचाराधीन है।
घ	यदि नहीं तो राज्य सरकार इस घाट में दुर्घटनाओं की समस्या के सम्पूर्ण समाधान हेतु क्या कार्रवाई करने जा रहा है?	—

भवदीय,

(रविन्द्र गुप्ता)
परियोजना निदेशक
परियोजना कार्यान्वयन इकाई, इन्दौर

प्रतिलिपिः–

- क्षेत्रीय अधिकारी, भा.रा.रा.प्रा. क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन
लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय